हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला | अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, मंगलवार 12 नवंबर 2024

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

जंतीपुर ग्यारस मड़ई आज अधिकारियों ने किया निरीक्षण

भुआबिछिया। जंतीपुर मड़ई ग्यारस उत्सव की तैयारियों का जायजा लिया गया नगर परिषद भुआ बिछिया क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 12 हनुमान मंदिर के सामने ग्यारस मड़ई के पूर्व निरीक्षण करने एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के तैयारियों का जायजा लिया गया हैं जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामसिंह उलाड़ी, उपाध्यक्ष रणधीर सिंह राजपूत, उपयंत्री एच.आर. कुरैशी, मेला प्रभारी अशोक यादव उपस्थित होकर निरीक्षण किया गया हैं उक्त मढ़ई उत्सव जिसके अंतर्गत विगत कई वर्षो से दक्षिण मुखी प्राचीन हनुमान मंदिन स्थित हैं जिसमें दूर दराज से लोग चमत्कारी हनुमान मंदिर के दर्शन करने भक्त आते हैं एवं भक्तों की मनोकमनाएं पूर्ण होने पर चढावा चढ़ते हैं जिसमें बिछिया के एवं आप पास के व्यापारियों के द्वारा समस्त प्रकार के प्रतिष्ठान एवं मनोरंजन के सधानों के साथ मनमोहक अहीर नृत्यक दल आते हैं जिसकी झांकी देखते लायक रहती हैं। जिसमें नगर परिषद द्वारा अपील की गई हैं अधिक से अधिक संख्या में ग्यारस को मढ़ई उत्सव में पधारे एवं उत्सव का आनंद प्राप्त करें।

खनिज विभाग के द्वारा अवैध खनिज भण्डारण करने वाले 2 वाहनों को जप्त किया गया

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में खनिज विभाग मण्डला के द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, अवैध परिवहन तथा अवैध भण्डारण के विरूद्ध कार्यवाहियाँ की जा रही है। खनिज अधिकारी ने बताया कि सोमवार को बीजाडांडी क्षेत्र अन्तर्गत खनिज रेत एवं गिट्टी का अवैध परिवहन/भण्डारण में संलिप्त 2 वाहन पावर ट्रेक्टर एवं महिन्द्रा ट्रेक्टर को खनिज विभाग के द्वारा जप्त किया गया। उक्त वाहन को जप्त कर शासकीय अभिरक्षा में संबंधित थाना प्रभारी, थाना बीजाडांडी की सुपुर्दगी में दिया गया। वाहन के विरूद्ध म.प्र. खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर न्यायालय प्रेषित किया जा रहा है। उक्त कार्यवाही सहायक खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक एवं खनिज अमले द्वारा की गई।

कभी अध्यक्ष बन जाती हैं तो कभी सचिव

छात्रावास अधीक्षिका बनाम प्रभारी प्राचार्य

*** दो पदों पर वर्षो से हैं काबिज।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिले की शिक्षा व्यवस्था की भी अपनी अलग एक महिमा है कहीं शिक्षकों की कमी तो कहीं अतिशेष शिक्षक, कहीं भवन है तो छात्र नहीं और कहीं छात्र हैं तो जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर, कहीं रिक्त पड़े पद और कहीं एक ही व्यक्ति दो पदों पर वर्षो से काबिज।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार समग्र शिक्षा अभियान सेकेंडरी एजुकेशन अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास घुघरी की अधीक्षिका को लेकर तरह_तरह की जानकारियाँ चर्चा में है। विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि एक महिला उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य भी हैं और वहीं छात्रावास अधीक्षिका भी वे दो पद पर कार्य कर रही है जबकि नियम है कि छात्रावास जिस विद्यालय से संचालित है तो संबंधित विद्यालय के प्राचार्य अध्यक्ष एवं वार्डन सचिव होती है लेकिन ये ही वार्डन है और ये ही प्राचार्य भी है ये कभी नही हो सकता लेकिन इस छात्रावास में श्रीमती दुलारी सैयाम उच्च माध्यमिक शिक्षक छात्रावास अधीक्षक के पद पर विगत 7 से 8 वर्षों से कार्य कर रहीं हैं और कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय घुघरी की प्रभारी प्राचार्य के पद पर भी कायम हैं एक ही व्यक्ति अध्यक्ष और सचिव नहीं हो सकता लेकिन इन्होंने चालाकी से अपने जूनियर को छात्रावास संचालन के लिए अध्यक्ष बना दिया क्योंकि इन्हें इस बात का डर है कि कहीं इनका वार्डन पद न छूट जाए।

अब देखिए विद्यालय में एक शाला प्रबंधन समिति होती है और दूसरी ओर छात्रावास संचालन के लिये भी एक छात्रावास संचालन समिति का गठन होता है छात्रावास की संचालन समिति में तो इन्होंने एक शिक्षक को अध्यक्ष बना रखा है और स्वयं सचिव पद पर काबिज हैं तो दूसरी ओर विद्यालय प्रबंधन समिति में ये अध्यक्ष बनी हुई है और सचिव पद पर किसी और शिक्षक को रखा हुआ है। इसके लिये इन्होंने बहुत ही चालाकी से काम किया है ताकि छात्रावास अधीक्षिका के पद पर इन्हें कोई दिक्कत न हो। इस तरह की व्यवस्था कायम करने में इन्होंने किसी विभागीय अधिकारी की भी अनुमति नहीं ली है लेकिन ये जानकारी रमसा के प्रभारी एडीपीसी के संज्ञान में है और ये दोनों मिलकर छात्रावास और स्कूल में आने वाले राशि का बंदर बांट कर रहे है। इनके द्वारा मीनू के आधार पर बालिकाओं को ना तो नाश्ता दिया जाता और न ही भोजन दिया जाता है और जो दिया जाता है वो भी बहुत कम। इस तरह की चर्चायें यहां जोरो पर है लेकिन इसकी शिकायत करे तो कौन? छात्रावास की कोई भी बालिका सीधे अधिकारी से नही कुछ कह सकती क्योंकि उन्हें वहां रहना है चर्चा तो यह भी है कि बालिकाओं को डरा धमका के रखा जाता है शासकीय अवकाश के दिनों में भी बालिकाओं की उपस्थिति दर्ज कराकर इनके द्वारा भोजन मद का आहरण किया जाता है ये जांचकर्ता छात्रा की विद्यालय और छात्रवास में उपस्थिति से चैक कर सकते है विद्यालय के विभिन्न मदो में भी इनके द्वारा फर्जी देयक लगाकर भ्रस्टाचार किये जाने का आरोप लगाया जा रहा है शासन के नियम है कि कोई भी छात्रावास में वार्डन का कार्यकाल 3 वर्ष से अधिक नही हो सकता लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी की मेहरबानी से ये लगभग 7 वर्ष से कार्य कर रही है जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय मे एडीपीसी से मिली भगत होने के कारण उन्हें पद से नहीं हटाया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इनके पति भी छात्रवास में रहते है।इन सब बिंदुओं का औचक निरीक्षण किया जाए तो सब साफ हो जाएगा।

जिन पालकों की बेटियाँ इन छात्रावासों में रह रही हैं और इस शाला में अध्ययनरत हैं उन्होंने इस तरह के आरोप लगाये हैं उनका कहना है कि वे प्रत्यक्ष रूप से सामने आकर शिकायत नहीं कर सकते कारण है कि फिर उनके बच्चों को परेशान किया जायेगा एवं उनके भविष्य के साथ कोई भी हस्ताक्षेप हो सकता है और यही कारण है कि इतने वर्षो से यह गोरख धंधा जारी है जिम्मेदार अधिकारी भी जानते-बूझते आंख बंद किये बैठे हैं अब व्यवस्था सुधारे तो कौन?

महिष्मति घाट की सुरक्षा के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला और थाना प्रभारी मंडला ने अवगत कराया है कि महिष्मति घाट (रपटाघाट) में आरती/पूजा प्रतिदिन होती है। धार्मिक आयोजन के दौरान घाट में भिक्षुक अत्यधिक संख्या में अव्यवस्थित तरीके से भिक्षावृत्ति का कार्य करते हैं। नशा उपरांत उक्त स्थान पर प्लास्टिक/कांच/मछली पकड़ने हेतु जाल लगाया जाता है, जिसके कारण नर्मदा नदी में कूड़ा, कचरा एकत्रित हो जाता है, जिससे प्रदूषण होता है। पर्यटकों/स्थानीय निवासियों/श्रद्धालुओं के द्वारा नर्मदा नदी के जल का उपयोग कपड़े/बर्तन धोने के लिए साबुन, सेम्पू, सोडा, तेल, डिटर्जेंट का उपयोग कर नर्मदा नदी के जल को प्रदूषित किया जाता है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मंडला ने इसलिए आदेश जारी कर बताया कि साम्प्रदायिक सौहार्द एवं कानून व्यवस्था, घाट प्रदूषण मुक्त बना रहे इसी प्रिप्रेक्ष्य में अनुविभाग मंडला में कानून अव्यवस्था की निर्मित न हो ऐसे तत्वों पर कठोर नियंत्रण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंडला और थाना प्रभारी मंडला से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के तहत निशेषज्ञा जारी किया जाना आवश्यक है। अनुविभागीय दंडाधिकारी मंडला ने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के प्रावधानों के तहत महिष्मति घाट (रपटाघाट) में पर्यटकों/स्थानीय निवासी श्रद्धालुओं के द्वारा नर्मदा नदी में नहाने, कपड़े धोने के लिए साबुन, शैम्पू, सोडा, तेल डिटर्जेन्ट का उपयोग किया जाता है एवं पूजा सामाग्री का विसर्जन भी किया जाता है, जिसके कारण घाट पर गंदगी उत्पन्न हो रही है जिससे प्रदूषण एवं जलीय जीव जन्तुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अनुविभागीय अधिकारी ने इसलिए महिष्मति घाट (रपटा घाट) पर उपरोक्त वस्तुओं को प्रतिबंधित कर दिया। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होगा, उक्त आदेश के उल्लंघन पर धारा 223 भारतीय न्याय संहिता अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।

अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि महिष्मति घाट (रपटा घाट) मण्डला में मछुआरों के द्वारा मछली पकड़ने हेतु जाल लगाने का कार्य किया जाता है। जालों को नदी से नहीं निकालने के कारण नदी के बहाव से आई हुई सामाग्री भी नदी में एकत्रित होती है। जिसके कारण नर्मदा नदी का जल प्रदूषित हो रहा है एवं गंदगी फैलने की भी प्रबल संभावना रहती है जिससे श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं आहत होती है। अतः महिष्मति घाट (रपटा घाट) से एनीकट तक मत्स्य आखेट प्रतिबंधित किया जाता है। महिष्मति घाट (रपटा घाट) मण्डला में नर्मदा नदी के किनारे स्थित है, जिसके कारण अधिक संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है तथा उनके द्वारा की जाने वाली पूजा से नदी के किनारे तथा घाट पर फूल, प्लास्टिक, थैले, कपड़े, पॉलिथीन की सामग्री इत्यादि जमा हो जाते हैं जिसके कारण घाट पर कचरा एकत्रित हो जाता है जिससे लोक स्वास्थ्य, जलीय जीव जन्तु एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है अतः प्लास्टिक से निर्मित वस्तुओं को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाता है। महिष्मति घाट (रपटा घाट) मण्डला पर भिक्षुक अत्यधिक संख्या में अव्यवस्थित तरीके से भिक्षा मांगने का कार्य करते हैं। जिसके कारण श्रद्धालुओं को असुविधा का सामना करना पड़ता है अतः महिष्मति घाट (रपटा घाट) के क्षेत्रांतर्गत भिक्षावृत्ति को प्रतिबंधित किया जाता है।

जिला स्तरीय भारत को जानो प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

प्रति वर्ष की भांति विगत दिवस भारत विकास परिषद् मण्डला के तत्वावधान में जिला स्तरीय भारत को जानो मौखिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन गोंडी पब्लिक ट्रस्ट के हॉल में किया गया। नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से चयनित 9 दलों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में कनिष्ठ वर्ग की श्रेणी में मोंटफोर्ट स्कूल के विद्यार्थी लवी क्षत्री कक्षा 7 एवं आरव दुबे कक्षा 8 के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थी आरूष साहू कक्षा 7 एवं प्रत्यूष साहू कक्षा 8 के दल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ वर्ग की श्रेणी में मोंटफोर्ट स्कूल के विद्यार्थी पार्थ लिखितकर कक्षा 12 एवं विराट अग्रवाल कक्षा 9 के दल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा महर्षि विद्या मंदिर के विद्यार्थी अराध्या चौरसिया कक्षा 9 एवं अर्चित गुप्ता कक्षा 9 के दल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। परिषद के संरक्षक ए.के.शुक्ल, गोंडी पब्लिक ट्रस्ट के अध्यक्ष की विजय अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य टी.डी. असाटी एवं योगेश श्रीवास्तव द्वारा भारत माता के तैलीय चित्र के सामने दीप प्रज्वलय कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कनिष्ठ वर्ग के प्रतियोगियों से प्रश्न परिषद परिवार की सदस्या श्रीमती रश्मि जैन के द्वारा पूछे गये एवं वरिष्ठ वर्ग के प्रतियोगियों से प्रश्न परिषद परिवार के सदस्य श्री मेकल चंद्रौल के द्वारा पूछे गये। मंच संचालन शाखा के सचिव प्रवीण श्रीवास के द्वारा किया गया। वेद प्रकाश गुप्ता एवं रवि शंकर सोनी प्रतियोगता के निर्णायक थे। कमलेश अग्रहरी द्वारा प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किये गये एवं सभी प्रतिभागियों को पुरूष्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में भारत विकास परिषद मण्डला शाखा के अध्यक्ष मनीष सोनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया एवं बताया गया कि दोनों वर्गों के विजयी दल अगले चरण की प्रान्त स्तर की प्रतियोगिता के लिये 15 नवम्बर को गोटेगांव रवाना होंगे। प्रतियोगिता के आयोजन की सफलता में सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं परीक्षा प्रभारी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के सदस्य प्रदीप शिवहरे, मनीष श्रीवास, विवेक चौदह महिला सदस्य श्रीमती पुष्पा सोनी, श्रीमती माही सोनी, श्रीमती ज्योती श्रीवास एवं नगर के विशिष्ठ जन और साथ ही प्रतियोगियों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे।

मडई की व्यवस्था के लिए बैठक का आयोजन

नारायणगंज। जनपद पंचायत नारायणगंज के खैरी एवं पडरिया पंचायत में 13 नवंबर को तीन दिवस मडई भरना है जिसमें पंचायत द्वारा दुकानदारों की व्यवस्था एवं मडई का शांतिपूर्ण तरीके से आयोजन एवं मडई विवाह के लिए सुनिश्चित व्यवस्था के लिए बैठक बुलाई गई जिसमें दोनों पंचायत के सरपंच सचिव गांव गणमान नागरिक की उपस्थिति में निर्णय लिया गया की मडई के दिन बस स्टैंड में बसो का आना निषेध किया गया एवं हर चौराहे में साइकिल मोटरसाइकिल दो पहिया वाहन चार पहिया वाहन के लिए मडई के स्थान से आगे चारों जगह पर बस स्टैंड से चौराहा में नाकाबंदी की जाएगी जिससे मडई में आ रहे लोगों की भीड़ में कोई घटना न घाट सके में रोड में लग रही दुकानों को सुनिश्चित जगह दिलवाकर उन्हें व्यवस्थित ढंग से लगाने के लिए निर्णय लिया गया है पुलिस प्रशासन द्वारा हर चौराहे में पुलिस व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि जनता की सुरक्षा के लिए सभी चौराहों में पुलिस तैनात रहेगी एवं आसपास के कोटवारों का भी सहयोग लिया जाएगा बाजार के आसपास पुलिस सहायता केंद्र रखा जाएगा जिसमें तीन दिवसी मडई की आयोजन में किसी प्रकार की कोई आवश्यकता ना हो पाए इसको देखते हुए पुलिस सहायता केंद्र की व्यवस्था की , बैठक में टी गोपाल घोसला तहसील से री पटवारी ग्राम पड़रिया के सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव हरदयाल मरावी दीपक सोनी मगनलाल सोनी रतन ठाकुर विपिन सोनी गया चक्रवर्ती उमाशंकर जायसवाल रामकुमार साहू, संतोष सोनी राजुल जोशी स्थान या पत्रकार राजेश सोनी मनोज सोनी सुरेंद्र सोनी एवं पंचायत के समस्त पंचगण मौजूद रहे।

जिले के 173 शक्ति केंद्र में भाजपा द्वारा कार्यशाला आयोजित

*** संगठन पर्व पर 17 मंडलों में चरणबद्ध रूप से कार्यशाला संपन्न।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

भारतीय जनता पार्टी में वैचारिक रूप से केंद्रित मूल्य आधारित एवं सक्रिय बूथ समितियां पिछले 7 दशकों से संगठन की ताकत रहे हैं संगठन पर्व पर लगातार प्राथमिक व सक्रिय सदस्यता का अभियान जिले में उत्साह के साथ पूरा किया गया। जिले के सभी 17 मंडलों में चुनाव अधिकारी टोली के मार्गदर्शन में कार्यशाला आयोजित हुई। 11 नवंबर से 14 नवंबर तक नवीन बूथ समितियों का गठन किया जायेगा। बूथ समिति का गठन पार्टी संगठन तथा पार्टी की गतिविधि और चुनाव अभियान को हमेशा मजबूत आधार देने वाली समिति है इसलिए बूथ समिति के गठन के लिए जिले के वरिष्ठ नेताओं को शक्ति केंद्र संगठन पर्व सहयोगी के रूप में संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई बूथ समिति के गठन हेतु भेजा जा रहा है। जिले की विभिन्न बूथ समिति का गठन सर्वसम्मति अथवा चुनाव द्वारा किया जायेगा साथ ही बूथ समिति के 11 सदस्यों के चयन के पश्चात बूथ की मतदाता सूची के पन्ना प्रमुखों का भी चयन किया जायेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जिला चुनाव प्रभारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में जिले के 173 शक्ति केंद्रों में कार्यशालाएं प्रारंभ की गयी हैं इस कार्यशाला को संगठनात्मक रूप से परिणाम में पहुंचाने के लिए जिले के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला पदाधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ संयोजकों के जिलाध्यक्ष को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

भाजपा के 1208 सक्रिय सदस्यों की सूची प्रकाशित

जिले की कार्यशाला के पश्चात भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यों की सूची का प्रकाशन कर जिला कार्यालय मण्डला में अवलोकनार्थ सूचना पटल पर रखी गयी है। अभी तक जिले में 1208 सक्रिय सदस्यों के नाम पहली सूची प्रकाशित की जा चुकी है। जिले के सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों के प्रयास से भारतीय जनता पार्टी के प्राथमिक सदस्य संख्या 1 लाख 90 हजार तक पहुंच चुकी है साथ ही टोल फ्री नंबर 8800002024 में मिस्ड कॉल कर प्राथमिक सदस्यता अभियान का क्रम निरंतर जारी है।

समीक्षा

अपर कलेक्टर ने की जिला योजना भवन में समय सीमा पत्रकों की समीक्षा।

सीएम हेल्पलाईन प्रकरणों की नियमित हो मॉनीटरिंग

*** अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने निर्देशित किया कि सभी विभाग प्रमुख अधिकारी सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता से संतुष्टिपूर्वक दर्ज करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का निराकरण लेवल-1 एवं लेवल-2 पर करना सुनिश्चित करें। सीएम हेल्पलाईन में कार्यक्षेत्र से बाहर प्रकरणों में संबंधित विभागों को हस्तांतरित करें या फोर्स क्लोज कराएं। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करें, जिससे प्रदेश स्तर में जिले की ग्रेडिंग में सुधार हो सके। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह सोमवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में समय सीमा पत्रकों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर एसडीएम श्री सीएल वर्मा, एसडीएम श्री हुनेन्द्र घोरमारे, संयुक्त कलेक्टर श्री अरविंद कुमार सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने समय सीमा की बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्हें उक्त नोटिस का निर्धारित समय सीमा में उत्तर प्रस्तुत करना होगा। संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं करने पर उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। आयोजित बैठक में 15 नवंबर को होने वाले विशेष ग्रामसभा सह उन्मुखीकरण/ प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रगति के संबंध में समीक्षा की।

अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को निर्देशित किया कि अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। किसी भी विभाग में अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण लम्बित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने बैठक में न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा की। न्यायालयीन प्रकरणों में निर्धारित समय सीमा में जवाब दावा प्रस्तुत करने को कहा। न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में आयुष्मान कार्ड के प्रगति के संबंध में भी समीक्षा की। आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने वनाधिकार पट्टा पर की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने वनाधिकार पट्टों में प्रगति न होने की स्थिति में नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि 12 नवंबर को माँ नर्मदा जी की संध्याकालीन पंचचौकी महाआरती प्रारंभ होगी। उक्त कार्यक्रम के लिए सभी विभाग प्रमुख अधिकारियों को दायित्व सौंप दिया गया है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। उन्होंने 12 नवंबर को पंचचौकी महाआरती के अवसर पर सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। पंचचौकी महाआरती के लिए सभी अधिकारियों को घोषणा अनुसार राशि निर्धारित समय में जमा करने के निर्देश दिए।

न्यायालय-श्रीमान चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड मण्डला (म.प्र.)

एम.जे.सी.एस.यू.सी. 30/2024 नियत दिनांक 29.11.2024

श्रीमति नीता सोनी वगैरह - आवेदकगण

विरुद्ध

आम जनता वगैरह - अनावेदकगण

प्रेषिती,

आम जनता

//आम इश्तहार//

इस न्यायालय के समक्ष आवेदकगण श्रीमति नीता सोनी वगैरह ने आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का प्रस्तुत किया गया है। जिसमें मृतक कमलकांत सोनी के पड़ाव उपडाकघर मण्डला के बचत खाता क्रमांक 7483803579 में जमा राशि 8,37,103/- रूपये संग्रहण हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का पेश किया है।

उक्त संबंध में यदि आवेदकगण को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने में किसी भी व्यक्ति का कोई हित हो तो वह आपत्ति मय दस्तावेजों के स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक 29.11.2024 के पूर्व अथवा नियत दिनांक को पेश करे। आपत्ति के अभाव में प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 09/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

(नरेश सिंह गौड़)

चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मण्डला (म.प्र.)

खबर संक्षेप

श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर में हुआ अन्नकूट का आयोजन

गाडरवारा। स्थानीय श्रीदेव राधावल्लभ मंदिर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी अन्नकूट का आयोजन किया गया। बताया जाता हे कि गहोई वैष्य समाज ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सुबह सर्वप्रथम पूजन अर्चन, महाआरती के बाद श्री राधावल्लभ जी को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। अन्नकूट महोत्सव के आयोजन में भण्डारे का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया गया जिसमें गहोई वैष्य समाज के सामाजिक बंधुओं के अलावा नगर के गणमान्यजनों ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। गहोई वैष्य समाज ट्रस्ट अध्यक्ष ओमप्रकाष गुप्ता पप्पू, समाज पंचायत अध्यक्ष ओम प्रकाष कनकने ने कार्यक्रम में खुले दिल से सहयोग करने वाले एवं समस्त सामाजिक बंधुओं का आभार जताया। उक्त धर्ममय आयोजन में ट्रस्ट पदाधिकारी, समाज पंचायत पदाधिकारी एवं नवयुवक मंडल, महिला मंडल सहित युवाओं ने जमकर सहयोग किया और पूरे समय रहकर अपनी उपस्थिति प्रदान की।

नियम विपरीत वाहनों में लगे हुये लाईट की अनदेखी बन रही सड़क दुर्घनाओं का कारण...?

मनकवारा। क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाली वाहनों की मनमानी पर अंकुश लगाने में प्रशासन की असफलता का परिणाम है कि वाहन चालक पूर्णरूप से अपनी मनमानी पर उतारू दिखाई देने से नही चूक रहे है क्योंकि सड़को पर दौड़ने वाले कई वाहनो की स्थिति इस प्रकार से देखने मिल रही है कि वह निर्धारित नियमों के विरूद्ध संचालित होने के साथ साथ यह खस्ताहाल वाहन जहां पर्यावरण को बिगाड़ रहे है, वही ये दुर्घटानाओ के कारण भी बनने से भी नही चूक है? क्योंकि जिस प्रकार से वाहन चालकों द्वारा अपने वाहनों में नियम विरूद्ध लाईट लगाये हुये है उसके चलते आये दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित होने का प्रमुख कारण सामने आने से नही चूक पाता है, जहां अनेक चार पहिया वाहन इस प्रकार से होते है जिनका मात्र एक ही हेड लाईट चलते हुये देखा जाता है जिसके चलते इस प्रकार के वाहन को अधिकांश समय लोग दो पहिया वाहन समझते हुये अपनी मोटर साईकिल को काटता है तो वह दुर्घटना का शिकार होने से नही चूकता है?

निर्मल ग्रामों के नाम पर हो रही शासन की राशि बर्बाद

सालीचौका। देश को विकास और समृद्धि की ओर अग्रसर करने के लिए केन्द्र हो या प्रदेश सरकार गांव को साफ सुधरा और हरा भरा बनाने की कवायद में है और इसके लिए शासन प्रशासन निर्मल ग्राम बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इसके लिए समय समय पर गांव को चयानित कर वहां पर लाखो करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रही है, जिसमें गांव के प्रत्येक परिवारो के घरो में शौचालय बनाये गये है। मगर उन शौचालयों की सच्चाई शायद ही किसी से छिपी हो क्योंकि शासन की राशि से बने हुए शौचालय यदि अपना एक जन्म दिन मना ले तो बहुत बड़ी बात समझी जावेगी? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि गांव में पक्की नालियां सड़क और कुडादान व जल स्त्रोतो को साफ सुधरा बनाया जाना है और इसकी देख रेख के लिए जिला स्तर पर हर ब्लाक में अलग से कर्मचारी भी नियुक्त किये गये है। जिन्हे वेतन के रूप में मोटी रकम और भ्रमण करने के लिए वाहन उपलब्ध कराये गये है। लेकिन ये अधिकारी कर्मचारी अपनी आफिसो में बैठे बैठे ही योजना का संचालन कर रहे है और इसका परिणाम यह देखने में आ रहा है कि गांव में बनायी गई सड़के एक दो वर्षो में ही पूरी तरह उखड़ चुकी है, बनाये गये शौचालय कचरो एवं कूडादानो में तब्दील हो गयी है? कचरा घर टूट गये है, जल स्त्रोतो के समीप हरी घासे एवं दल दल निर्मित हो गयी है। मगर इसके बाबजूद शासन द्वारा इन निर्मल ग्रामो को पुरूस्कार द्वारा नवाजा गया था, जिसमें लाखो रूपये की इनाम राशि को भी सरपंच सचिवो ने डकार ली गई है..?

लिलवानी कोठिया मार्ग की बदहाली को किया जा रहा है नजरअंदाज, आमजन को वाहन चलाना हो रहा मौत कुंआ के समान, जहां तहां निकल रहे बड़े गड्ढे बन सकते हैं किसी दिन बड़ी घटना का कारण

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

जहां एक ओर केन्द्र में बैठी हुई सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों को शहरों से जोड़ने के लिए गांव गांव पक्की सड़कों का निर्माण हर साल करोड़ो रूपया खर्च किया जा रहा है। मगर उन सड़कों का निर्माण कार्य करने वाली कंपनियों द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते जिस प्रकार से सड़कों के निर्माण कार्यो को अंजाम दिया जाता है उसके चलते यदि कोई सड़क पूरे एक वर्ष भी चल जावे तो बड़ी बात साबित होने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय समीपस्थ जनपद पंचायत चांवरपाठा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत लिलवानी से कोठिया के बीच बनी हुई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क में देखने मिल रही है। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत 4.7 किलो मीटर सड़क को अभी बने हुए मात्र कुछ ही साल निकले हुये है। यह बात अलग है कि मौके पर लगे हुये वोर्ड के अनुसार तो सड़क निर्माण को लम्बा समय कहा जा सकता है। क्योंकि यहां पर वोर्ड लगाये जाने के बाद लम्बा समय बीते जाने के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। सही मायने में देखा जावे तो मौके पर स्थापित किये गये वोर्ड में अंकित इस सड़क की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी थी तब कही सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था..? और इस सड़क के निर्माण होने के कुछ दिनों उपरांत ही जिस तरह जहां तहां दरारे निकलने की शुरूआत होने से सड़क के निर्माण में अपनाई गई गुणवत्ता अपने शुरू हो चुकी थी। ज्यों ज्यो समय बीतते चला गया और यह सड़क बदहाल होने के चलते इस समय सड़क की स्थिति इस तरह बन चुकी है कि लोगों को वाहन चलाते हुये निकलना तो दूर की बात पैदल तक निकलने में परेशानियों का सामना करते हुये देखा जा रहा है। जब वाहन चालक सड़क से अपने वाहनों को निकलते है तो वह अपने आपकों मौत कुंआ में वाहन चलाने के समान महसूस करने से नही चूकते है। कुछ साल पहले बनी ग्राम लिलवानी से कोठिया की बीच की सड़क सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ सालों पहले यह सड़ केन्द्र सरकार की योजना के तहत लगभग 168.69 लाख रूपया की लागत से प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनाये जाने के लिये स्वीकृति प्रदान हुई थी जिससे यहां के लोगों ने सपना देखा था कि उनका गांव पक्की सड़क से जुड़ जाने के बाद उन्हें रोजगार के अवसर प्राप्त होने लगेगे और इस सड़क के निर्माण के लिए जे एम डी कंस्ट्रक्शन कंपनी शिवपुरी करेरा की कंपनी द्वारा ठेका लिया गया था तथा इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने की तिथि 22 दिसम्बर 2009 से 21 दिसम्बर 2010 तक पूर्ण करना था। वही सड़क को गुणवत्ता के साथ निर्मित करते हुए इस सड़क की ठेकेदार द्वारा 5 वर्ष तक की गारंटी का भी एग्रीमेन्ट निर्धारित किया गया था, जिसके चलते सड़क निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य की शुरूआत जिस प्रकार से की गई तो उसकी गुणवत्ता पर सबाल खड़े होने के कारण इस सड़क का निर्माण कार्य कापी समय तक बंद रहा जिसके चलते कंपनी द्वारा सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि की बात तो दूर सड़क निर्माण का गारंटी अवधी भी बगैर निमार्ण हुए ही निकल गया था। इस प्रकार से सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के कई साालों तक सड़क का काम बंद होने के बाद शायद किसी दूसरी कंपनी द्वारा इस सड़क का निर्माण किया गया था। इस तरह आपा धापी के बीच चंद दिनों के अंदर जिस प्रकार से सड़क का निर्माण कार्य किया गया था उसे देखते हुए यह बात स्पष्ट होते हुए जान पड़ रही थी कि कंपनी द्वारा सड़क निर्माण में गुणवत्ता को दर किनार किया जा रहा है और इस सड़क का भविष्य ज्यादा दिनों का नही हो सकता है? क्योंकि इस सड़क के निर्माण के दौरान कंपनी द्वारा बेश तथा अन्य कार्यो में स्थानीय नदी का बजरा के रूप में चुन कंकडो का उपयोग किया गया है। वह इस बात को स्पष्ट रूप से संकेत दे रहा था कि सड़क बनने के कुछ दिन बाद ही टूटना शुरू हो जावेगी। क्योंकि चुन कंकड़ो की विशेष घुलनशील के रूप में मानी जाती है जब उन पर बजन पड़ता है तो वह घुल जाते है और इस प्रकार से गुणवत्ता हीन सामग्री उपयोग होने की सच्चाई को लेकर स्थानीय स्तर पर मीडिया द्वारा प्रमुखता उजागर भी किया गया था। मगर उस समय न तो किसी क्षेत्र के अच्छे नेता द्वारा ध्यान दिया गया था और न ही संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा जिसके चलते चंद दिनों के अंदर इस सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण होने के साथ साथ किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य करने वाली एजेन्सी द्वारा सड़क पर डामरीकरण करते हुए उसे काला तो कर दिया गया था। मगर अब इस सड़क की सच्चाई इस प्रकार से देखने मिल रही है कि सड़क का निर्माण हुए अभी कुछ साल ही बीते होगे और इस सड़क में जहां तहां निकल रही बड़ी बड़े दरारे तथा टूट रही सड़क अपने आप ही अपनी गुणवत्ता की कहानी बताते हुए जान पड़ रही है? अनेक जगहों पर तो गड्ढो की स्थिति इस तरह देखने मिल रही है कि वह मौत का कुंआ साबित होने से नही चूक रहे है। इस तरह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुये निकलने के लिये मजबूर देखे जा रहे है। इस तरह बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी ग्राम लिलवानी कोठिया मार्ग के निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों द्वारा शासन प्रशासन से पुनः गुहार लगाई जाने लगी है। यदि समय रहते हुये इस सड़क में सुधार कार्य नही हुआ तो निश्चित तौर से इस सड़क पर बड़ बड़ी घटनाये घटित होना दिखाई देने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

चंद मिनिट का इंतजार करने के जगह अपनी जान जोखिम में डालते हुये पार की जा रही रेल्वे लाईन, किशोरों में पड़ रहा इसका विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज/मनकवारा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि सरकार द्वारा रेल्वे लाईनों को पार करने के लिये जहां तहां रेल्वे गेंट लगाते हुये उन्हें खोलने व बंद करने के लिये अपनी कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, जिससे किसी भी ट्रेन के आने के पहले वह रेल्वे गेंटों को बंद करते हुये लोगों को इस बात के लिये सचेत कर सके कि वह रेल पटरी को पार न करे। मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से पढ़े लिखे हुये लोगों को रेल्वे गेंट बंद रहने के बाद भी वह अपने वाहनों सहित रेल्वे गेटों के नीचे से वाहन निकालते हुये देखे जाते है निश्चित तौर इस तरह की हरकत खुद की जिन्दगी को खतरे में डालने के साथ युवा पीढ़ी को भी इस प्रकार से नियम विरूद्ध कार्य करने के लिये प्रेरित करने से नही चूक रहे है? चंद मिनिट रूकने की जगह उनके द्वारा की जाने वाली यह हरकत निश्चित तौर से रेल प्रशासन के नियमों के विपरित होने के साथ साथ कुछ की जिन्दगी को खतरे में डालते हुये देखी जा रही है। इस बात की सच्चाई आये दिन गाडरवारा करेली के राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर पड़ने वाले मनकवारा रेल्वे गेट पर आये दिन देखने मिली है। बताया जाता है कि जब ट्रेन आने के कुछ मिनिट पूर्व रेल विभाग के कर्मचारियों द्वारा यहां की रेल पटरियों को पार करने से रोकने के लिये गेट को बंद कर दिया जाता है, उस दौरान अनेक जागरूक माने जाने वाले पढ़े लिखे लोगों द्वारा जिस तरह अपनी मोटर साईकिलों को गेट के नीचे से निकलते हुये देखा जाता है उससे उनकी जिन्दगी तो खतरे में पड़ ही रही है साथ ही साथ उनके द्वारा शासन के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुये की जाने वाली इस हरकत का निश्चित तौर से युवा पीढ़ी पर भी बुरा असर पड़ने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि जब युवा वर्ग समझदार माने जाने वाले अपने अभिभावकों व वरिष्ठजनों की इस हरकत तो देखते हुये उन्हें बंद रेल्वे गेट के बाद भी अपने वाहनों सहित पटरी पार करते हुये देखते है तो उनके दिलों में इस प्रकार से नियमों की धज्जियाँ उड़ाने की प्रेरणा घर कर जाती है और वह भी इसी प्रकार की कार्य प्रणाली को अपनाने से नही चूकते है जो एक दिन बड़ी घटना के रूप में सामने आती है? इस प्रकार से बंद रेल्वे गेट को अपने वाहनों सहित पार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होना चाहिये तभी लोगों द्वारा रेल विभाग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाने वालों की इन हरकतों पर अंकुश लग पायेगा?

तुलसी शालिग्राम का विवाह आज

गाडरवारा। कार्तिक शुक्ल पक्ष की एकादशी देव उठनी ग्यारस का त्यौहार आज नगर सहित गांवों में बडे ही उत्साह से मनाने के लिए कल सोमवार को ही महिलाओं अपने घरों को सुन्दर बनाने के लिए अनेक प्रकार की तैयारियाँ करने में जुटी हुई देखी गई और शाम को किसानों की गन्ने से भरी हुई गाड़ियों का शहरों में आने के चलते नगर का वातावरण एका एक सरस हो गया। क्योंकि हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार भगवान विष्णु आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी को चार माह के लिए क्षीरसागर में शयन करने के बाद देवात्थान एकादशी पर भक्तों की पुकार सुनकर जागते है और भगवान विष्णु जी के जागृते ही मांगलिक कार्यक्रम शुरू हो जाते है। गौरतलब है कि आज संकटों से मुक्ति दिलाने वाले भगवान हनुमान जी के प्रिय दिवस यानि की मंगलवार को लोगों के घर आंगनों में सजे गन्ने के मंडपों में व्रतधारी महिलाएं भगवान विष्णु की पूजा, अर्चना करने के बाद मंगल गीत गाते हुए माता तुलसी जी एवं भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न करायेगी और उनके द्वारा माता तुलसी जी को सुहाग सामग्री भेंट कर उससे अपने परिवार की सुख समृद्धि का बरदान मांगेगी।

अधिकारियों की कार्य प्रणाली के चलते मंडी की साख को लग रहा बट्टा, प्रशासक अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुये जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।

स्थानीय जवाहर कृषि उपज मंडी आये दिन अपने अधिकारियों की कार्य प्रणाली हो या फिर अन्य व्यवस्थाओं के चलते सदा ही चर्चा का विषय बनने के साथ साथ मंडी की साख को बट्टा लगने से नही चूक पाता है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ साल पहले होली अवकाश के दौरान मंडी कार्यालय के अंदर जिस तरह शराब खोरी की सच्चाई उजागर हुई थी उसके चलते यह मंडी काफी दिनों तक चर्चाओं में रहने के साथ साथ मंडी वोर्ड द्वारा कुछ तथा कथित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई थी। जिसके बाद उम्मीद जताई जा रही थी कि शायद अब यहां पर पदस्थ रहने वाले कर्मचारियों की कार्य प्रणाली में सुधार देखने मिलेगा। मगर आज भी मंडी के अधिकारियों द्वारा जिस तरह शराब के नशे में धुत्त रहते हुये अपनी सेवाये देते हुये देखा जा रहा है। वह निश्चित तौर से अधिकारियों की कार्य प्रणाली को उजागर करने के साथ साथ किसानों में आक्रोश का बातावरण पैदा करने से नही चूक रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिनों उस समय देखने मिली जब रात के समय किसान मंडी के प्लेट फार्मो पर अपने अनाज का विक्रय कर रहे थें उसी दौरान मंडी अधिकारी शराब के नशें में धुत्त नजर आने से नही चूक रहे थें। इस सच्चाई का शोसल मीडिया पर विडियों वायरल होने के बाद मंडी प्रशासन यानि की गाडरवारा अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मामले को लेकर गंभीरता दिखाते हुये मंडी सचिव सहित अन्य कर्मचारियों के नाम नोटिस जारी किये जाने की खबर है? कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गाडरवारा द्वारा बीते हुये 5 नंबवर 2024 को जारी किये गये पत्र क्रमांक 1839 कारण बताओं नोटिस में ओम प्रकाश इमने सचिव जवाहर कृषि मंडी गाडरवारा के आलवा प्रकाश दुबे सहायक उप निरीक्षक जवाहर कृषि मंडी गाडरवारा एवं हेमराज पाठक स्थाई कर्मी जवाहर कृषि मंडी गाडरवारा के नाम से उल्लेखित जारी किये गये कारण बताओं नोटित में इस बात का उल्लेख किया गया है कि आपके द्वारा जवाहर कृषि उपज मंडी परिसर गाडरवारा में नशे की हालत में किसानों से अभद्र व्यवहार कर अवैध रूप से बसूली किये जाने की वीडियों संबंधी न्यूज प्रसारित हो रही है। उक्त वीडियों में आप नशे की हालत में किसानों से अभद्र व्यवहार करते हुये स्पष्ट रूप से दर्शित हो रहे है। पूर्व में भी कई बार कृषकों के द्वारा आपके विरूद्ध इस तरह के कृत्यों की शिकायते की गई थी जिसके उपरांत आपकों पूर्व में भी चेतावनी दी गई थी। किन्तु आपके द्वारा उक्त कृत्यों पर कोई विराम नही लगाया गया है। आपका उक्त कृत्य आपकों सौपे गये दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही व उदासीनता का घोतक होने के साथ साथ मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का स्पष्ट उल्लंघन है। इस तरह जारी किये गये नोटिस का एक दिवस के अंदर उपस्थित होकर जबाव देने के लिये आदेशित किया गया है। इस तरह मंडी प्रशासन यानि की अनुविभागीय अधिकारी द्वारा मंडी सचिव के नाम जारी किये गये नोटिस में इस बात का उल्लेख स्पष्ट रूप से किया गया है कि जिस तरह शराब पीकर आपके द्वारा किसानों के साथ अभद्रता पूर्वक व्यवहार करते हुये अवैध बसूली तथा शराब पीकर मंडी में मौजूद रहने की पहले भी शिकायते मिल चुकी है। इस नोटिस से यह बात प्रतीत होने से नही चूक रही है कि क्या अधिकारियों द्वारा इस तरह अपने दायित्वों के निर्वाहन के दौरान इस तरह शराब के नशें में ही किया जाता है। यदि यह बात सत्य है तो फिर मंडी कार्यालय को अधिकारियों द्वारा शराब खोरी का अड्डा बना लिया गया है..? क्योंकि यहां पर तैनात कर्मियों का इसी तरह का कृत्य कुछ साल पहले उस समय भी देखने मिल चुका है जब अवकाश के दिन कुछ कर्मियों को खुलेआम मंडी कार्यालय के अंदर शराब खोरी करते हुये देखा गया था..? इस बाद कुछ उसी प्रकार की सच्चाई पुनः सामने आते हुये मंडी प्रशासक द्वारा जारी किये गये अपने नोटिस में भी इस बात का उल्लेख किया गया है कि शराब के नशें में अपने दायित्वों का निर्वाहन करने की शिकायते पहले भी मिल चुकी है..? यही कारण है कि गाडरवारा मंडी के अधिकारियों की कार्य प्रणाली के चलते इस मंडी में अपना अनाज विक्रय करने वाले किसानों में आये दिन कमी देखने मिल रही है तो दूसरी ओर यहां पर फैल रही अव्यवस्थाओं के चलते मंडी की शाख को ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है..?

कोठिया के बाद अब बाघ के पग चिन्ह ग्राम घघरौला के पास पाये जाने पर किसानों के बीच फैली दहशत, कृषि कार्य हो रहे प्रभावित

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों गाडरवारा तहसील क्षेत्र के नर्मदा किनारे बाघ होने की खबर के चलते किसानों में चिंता देखने मिल रही है। क्योंकि जिस तरह बीते हुये कुछ दिनों पहले ग्राम भटेरा के पास एक राहर खेत में गाय का शिकार हुआ शव पाया गया था जिसको लेकर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी तो वन विभाग द्वारा मौके पर पाये गये पग चिन्हों से यह बात स्पष्ट कर दी गई थी कि क्षेत्र में भाग द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। वही लोगों को सावधान रहने की सलाह दी गई थी। इसके कुछ दिनों बाद बाघ द्वारा अपना स्थान परिवर्तन करते हुये सूचना मिली थी कि ग्राम कोठिया के पास नर्मदा किनारे बाघ को देखा गया जिसके चलते गाडरवारा वन विभाग की टीम द्वारा ग्राम कोठिया के पास जब सच्चाई का पता लगाने की लिये जांच की गई तो वहां पर पाये गये पग चिन्हों से यह बात भी स्पष्ट हो गई थी कि अब बाघ कोठिया क्षेत्र में पहुंच चुका है इस सच्चाई को वन विभाग द्वारा भी स्पष्ट किया गया था। मगर

वन विभाग द्वारा रविवार को बताया गया था कि ग्राम कोठिया नर्मदा क्षेत्र में पाये गये कुछ जगहों के पग चिन्हो के बाद आगे कोई निशान नही मिल पा रहे है। क्योंकि कोठिया के पास से पहाडी क्षेत्र शुरू हो जाता है वहां पर पत्थर होने के कारण पैरों के निशान खोजना मुश्किल हो रहा था। इसके बाद सोमवार को सुबह ग्राम घघरौला खुर्द व घघरौला कला के बीच बाघ को देखे जाने की सूचना मिलने के बाद गाडरवारा सहित करेली व जिला मुख्यालय से वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची जहां पर इस टीम द्वारा बाघ के पग चिन्हों की पहचान करने के साथ ग्राम घघरौला के पास एक जंगल सुअर का शव भी क्षत विक्षत हाल में पाये जाने पर यह बात उभर कर सामने आने से नही चूक

पाई कि इस जंगली सुअर का बाघ द्वारा ही शिकार किया गया होगा..? इस तरह मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम को घघरौला नर्मदा क्षेत्र में पाये गये बाघ के पग चिन्हों से यह बात स्पष्ट हो चुकी है कि अब बाघ इसी क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है। जिसके चलते सोमवार को दिन भर अलग अलग जगहों से पहुंचे वन विभाग की टीम द्वारा खोजबीन करते हुये देखी गई। वही ग्राम घघरौला कला, घघरौला खुर्द के अलावा लिंगा खुर्द, भौरझिर, हरि नगर अंडिया के लोगों को सचेत रहने के लिये निर्देशित किया गया है। यदि अब बाघ बीते हुये कुछ दिनों से नर्मदा किनारे जिस तरह आगे की ओर बढ़ते हुये देखा जा रहा है उससे अनुमान है कि वह लिंगा अंडिया की ओर जावेगा। मगर इस बात की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है कि जिस तरह ग्राम घघरौला पटना के पास स्थित पहाडी इलाका यानि की टोरिया में के आस पास बाघ के पग चिन्ह पाये गये तो ऐसा न हो कि बाघ कुछ दिनों के लिये अपना अशियाना घघरौला टोरिया को भी बना डाले..? क्योंकि इस टोरिया में जहां भारी मात्रा में हिरण के आलवा जंगली सुअर सहित अन्य जीव जंतु निवास करते है। इस स्थिति में बाघ को अपना भोजन प्राप्त करने के लिये शिकार भी आसानी से मिल जावेगे तथा पीने के पानी के लिये नर्मदा जी मौजूद है। यदि बाग ने घघरौला की टोरिया को अपना सुरक्षित आशियाना बनाया तो इस क्षेत्र के किसानों के लिये चिंता का विषय बनने से नही चूक पायेगा..? क्योंकि इस समय किसानों के खेतों में बोनी से लेकर गन्ना कटाई का काम भी शुरू हो चुका है। इस स्थिति में किसानों को खेतों में जाने के लिये दहशत में देखा जा रहा है।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने 10 सदस्यीय प्रशिक्षु आईएएस को जिले के संबंध में दी जानकारी

अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी (उत्तराखंड) से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2024 बैच के प्रशिक्षु 10 सदस्यीय अधिकारियों को जिले की सामान्य जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि अनूपपुर जिला पर्यटन एवं विकास के परिदृश्य से बहुत ही महत्वपूर्ण जिला है। कलेक्टर द्वारा जिले की सामान्य जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने प्रशिक्षु आइएएस को केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर ने प्रशिक्षु आइएएस को जिले में एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कोदो कुटकी, उद्यानिकी तथा मत्स्य विभाग के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों, औद्योगिक परिदृश्य, जिले के नवाचार सहित अन्य विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए जानकारी दी। बैठक में नर्मदा माँ मंदिर, नर्मदा, सोन एवं जोहिला के उद्गम स्थल सहित अन्य विभिन्न स्थलों के संबंध में जानकारी देते हुए अवलोकन हेतु लाईजनिंग ऑफिसर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान कलेक्टर ने जिले के थर्मल पावर प्लांट, लेमनग्रास प्लांट इत्यादि के किए गए निरीक्षण एवं अवलोकन के अनुभवों के संबंध में भी प्रशिक्षु आईएएस से जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर ने लाईजनिंग ऑफिसर को निर्देश दिए कि प्रशिक्षु आइएएस को निर्धारित भ्रमण रूट चार्ट के अनुसार जिले का भ्रमण कराया जाए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कोरोना काल से बंद है निगौरा में यात्री ट्रेनों का स्टापेज

अनूपपुर। जिला पंचायत सदस्य एवं अनूपपुर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत सरार्टी ने निगौरा सहित आसपास के अन्य पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, ग्रामीणों के साथ रेल प्रबंधक बिलासपुर के नाम ज्ञापन सौंपकर कोरोना काल से बंद यात्री ट्रेनों के निगौरा स्टेशन में पुनः स्टापेज करने की मांग की गयी है। सोमवार को मण्डल रेल प्रबंधक, मण्डल-बिलासपुर (द.पू.म.रेल्वे) के नाम सौंपे पत्र में रेलवे स्टेशन निगौरा में कोरोना काल से पूर्व में चल रहे समस्त ट्रेनों के स्टोपेज को पुनः बहाल किये जाने की मांग करते हुए कहा गया है कि रेलवे स्टेशन निगौरा में कोरोना काल से पूर्व में नर्मदा एक्सप्रेस, रीवा-बिलासपुर एवं भोपाल-बिलासपुर अप एवं डाउन ट्रेनों का स्टापेज रहा है, परन्तु कोरोना काल के समय से उपरोक्त ट्रेनों का स्टापेज बंद कर दिया गया, जो वर्तमान में भी बंद है। विदित हो कि रेल्वे स्टेशन निगौरा म.प्र. एवं छत्तीसगढ़ की सीमा से लगा हुआ एक महत्वपूर्ण रेल्वे स्टेशन है। जिसमें संबंधित ग्राम पंचायतों लपटा, निगौरा, गोधन, सुलखारी, चोरभठी, कल्याणपुर, पपरौड़ी, छातापटपर, चोलना, जरियारी, मुण्डा, बींड, उमरिया, भेलमा, सिवनी, धरहर, ऐंठी, देवगवां, मालाडांड, सिलवारी आदि ग्रामों के निवासियों को ट्रेन स्टापेज बंद होने के कारण बीमारी के इलाज एवं अन्य कार्यों हेतु आवागमन में काफी असुविधाक का सामना करना पड़ रहा है। अनुरोध किया गया है कि उपरोक्त समस्त ट्रेनों का स्टापेज निगौरा में बहाल किया जाये। जिससे आश्रित ग्राम पंचायतों के यात्रियों को आवागमन में हो रही असुविधा को दूर किया जा सके।

अमरकंटक संत मंडल ने नर्मदा नदी रामघाट पर चलाया स्वच्छता अभियान

अमरकंटक। मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में सोमवार की सुबह नर्मदा नदी रामघाट दक्षिण तट पर अमरकंटक संत मंडल द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर नर्मदा नदी में फैली घास और कचड़ा आदि गंदगी को बाहर निकाला गया। लोगों द्वारा नदी के मध्य उतर कर तथा नाव का सहारा लेकर फैले कचड़े को नर्मदा नदी से बाहर निकाला गया एवं छोटी छोटी काई, फूटा, घास के टुकड़े आदि तैरते वस्तुओ को मच्छरदानी की जाल बनाकर जल को छानते हुए कचड़े को बाहर निकाला गया।

आज घर-घर होंगे तुलसी विवाह,धूमधाम से मनेगी देवउठनी एकादशी पर्व, दीपों की रोशनी से जगमगाएगा घर-आंगन

शहपुरा

शहपुरा नगर में दीपावली के 11 दिन बाद आज देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाएगा। पर्व को लेकर एक बार फिर बाजार में चहल-पहल देखी जा रही है। देवउठनी एकादशी के दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे। भगवान विष्णु की पूजा अर्चना और माता तुलसी व शालिगराम का विवाह होगा। घरों में गन्ने के मंडप के नीचे तुलसी और शालिगराम के विवाह के साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। देवउठनी ग्यारस को लेकर बाजारों में ही चहल-पहल नजर आ रही है। छोटी दीवाली के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व का अपना अलग महत्व है। एक बार फिर सारा घर आंगन दीपकों की जगमग रोशनी से जगमगा उठेगा। पूजा में उपयोग आने वाले गन्नों की बिक्री हो रही है। गन्ना व्यापारियों के अनुसार इस बार बारिश नहीं होने से किसानों को गन्ना उत्पादन में ज्यादा लागत लगाना पड़ी है, इसके बावजूद बाजार में गन्ने की कीमत गुणवत्ता अनुसार 20 रुपए से लेकर 50 रुपए है। शहर के मुख्य मार्ग पर विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री की दुकानें सज चुकी है। बेर, सीताफल, चना की भाजी, आंवला, फूल माला, लक्ष्मी गणेश जी के अलावा मिट्टी के बने बर्तन खिलौने सहित रंगो से रंगी विभिन्न प्रकार की पूजन सामग्री की दुकानें भी शहपुरा नगर में अनेक जगह लगी हुई।ऐसी मान्यता है कि देवता चार माह के शयन के बाद एकादशी से जागते हैं और उनकी उपस्थिति में ही ग्यारस से शुभ कार्यों की शुरूआत होती है। जो मुहूर्त के हिसाब से आगे तक चलती है। हिन्दू धर्म में कार्तिक शुक्ल पक्ष की ग्यारस का विशेष महत्व है। यह भी कहा जाता है कि अयोध्या में भगवान राम के वन जाने के बाद किसी भी घर में 14 वर्ष तक कोई मांगलिक कार्य नहीं हुये थे। भगवान श्रीराम के वापस लौटने के बाद अयोध्यावासियों ने दिये जलाकर उनका स्वागत किया था तथा दस दिनों तक चले उत्सव का समापन ग्यारस को माता तुलसी और शालिगराम के विवाह के साथ हुआ था। कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर तुलसी पूजन का उत्सव मनाया जाता है। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि तुलसी का पौधा गंगा जमुना के समान पवित्र है। शास्त्रों में इस एकादशी को अनेक नामों से संबोधित किया जाता है। जिसमे प्रबोधिनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी, देवउठनी एकादशी आदि प्रमुख रूप से उल्लेखित हैं। एकादशी पर्व पर गन्ने, सीताफल, सिंघाड़े, बेर, मकोरा, अमरूद, चना की भाजी आदि मौसमी फलों की पूजा होती है।

नगर परिषद शहपुरा की लापरवाही हो रही उजागर

शहपुरा

डिंडोरी जिले के शहपुरा नगर परिषद के वार्डो नंबर 1 में खुली नालियां दुर्घटना को न्योता दे रही है साथ ही अन्य वार्डों का भी यही हाल है। नगर के सभी वार्डो में नगर परिषद शहपुरा द्वारा नाली का निर्माण तो करा दिया गया है, लेकिन नगर के विभिन्न वार्डो के खुली नालियां परेशानी का करण बनी हुई है। नगर परिषद शहपुरा का विकास कार्य कागजों ही सिमटकर रह गई है। यहां नगर के विकास के नाम पर कई योजना नगर परिषद में आता है, लेकिन निर्माण कार्य रूका हुआ है। स्थिति यह है कि आधे से अधिक मुहल्ले के नालियां खुली पड़ी हुई है और बीमारी को न्योता दे रही है। नालियां खुली होने के कारण नगर में साल भर मच्छर का प्रकोप रहता है। उल्लेखनीय है कि बारिश के कारण नालियों का पानी सड़क के पर आ जाती है, जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर की सबसे अधिक खराब स्थिति वार्ड नंबर 11 वार्ड नंबर 14 और वार्ड नं 15 कच्छवाहा मोहल्ला शंकर गंज, बनवासी मोहल्ला, चक्रवर्ती मोहल्ला की है।

यहां नाली निर्माण का कार्य कई साल पहले करा दिया गया है, लेकिन नालियों में ढक्कन नहीं है, जिसके कारण पहली बरसात के साथ ही नाली में जमा कचड़ा सड़क में आने की कगार है। नगर की इस स्थिति को देखते हुए भी नगरपालिका व्यवस्था सुधारने में रुचि नहीं ले रही है। नालियों की स्थिति बहुत दयनीय है। यहां विकास के नाम पर नाली निर्माण का कार्य करा दिया गया है, लेकिन नालियों के पानी निकासी की व्यवस्था नहीं की गई है। जिसके कारण यहां हमेशा नाली का पानी जाम रहता है और गंदगी खुले में पसरी रहती है। स्थिति यह है कि गंदगी के कारण यहां से लोगों को गुजरना मुश्किल हो रहा है। यहां के नालियां खुली हुई है, जिसके कारण बदबू से लोग परेशान हैं। इन दिन शहपुरा नगर में जलसंकट भी गहराया हुआ है। नगरपालिका, नगरवासियों को पेयजल आपूर्ति करने में असक्षम साबित हो रही है। कई मुहल्ले में पेयजल को लेकर लंबी कवायद देखने को मिलती है और पेयजल के कारण मुहल्लेवासियों में तनाव की स्थिति भी देखने को मिलता है। कई बार पेयजल सप्लाई न होने के कारण लोगों को दूर से पानी लाना पड़ता है। वहीं कई मुहल्ले में समय पर पेयजल सप्लाई नहीं की जाती है। जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है। वहीं कई बार पेयजल सप्लाई के दौरान बिजली गुल होने के कारण लोगों को पानी नहीं मिल पाता बाद में बिजली आने पर नपा द्वारा पेयजल सप्लाई नहीं की जाती। जिससे लोगों को परेशानी होती है। परिषद् द्वारा नगरपालिका क्षेत्र में लाखों की लागत से नालियों का निर्माण कराया गया है, लेकिन सही ढंग से इसका प्रयोग नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण लाखों की लागत से बनी नालियां अपेक्षित है। मेंटनेंस के नाम पर विभाग में प्रतिवर्ष राशि स्वीकृति होती है, लेकिन नालियों का समुचित निर्माण नहीं कराया जाता। यहीं स्थिति नगर के विश्राम गृह मार्ग समेत कई ऐसे है जहां पर नालियां अभिवस्थित एवं गंदगी से लबालब भरे हुए हैं जिनके कारण नगर में मच्छरों का प्रकोप लगातार जारी है।

पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना जागरूकता शिविर का होगा आयोजन

डिंडौरी। पी.एम.सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन बुधवार 13 नवंबर 2024 को एमपीईबी वृत्त कार्यालय डिंडोरी, गाड़ासराई, और शहपुरा में आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविरों में सौर ऊर्जा से होने वाले लाभ, प्रत्यावर्तन अवधि (च्लइंबा चमतपवक), नेशनल पोर्टल के माध्यम से उपभोक्ता को सब्सिडी सीधे खाते में प्राप्त करने के संबंध में एंव वेंडर की जानकारी आदि उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी। पी.एम.सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का मुख्य उद्देश्य हर घर को मुफ्त बिजली देकर राहत पहुंचाना है। छतों पर सोलर पैनल लगाने से बिजली बिल में कमी आएगी और लोग अतिरिक्त बिजली बेचकर अतिरिक्त आय कमा सकेंगे। इससे न केवल आर्थिक सुधार होगा बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान मिलेगा। योजना के तहत उपभोक्ताओं को सब्सिडी की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जाएगी। योजना नागरिकों की आर्थिक स्थिति सुधारने में मदद करने के साथ ही हरित ऊर्जा के क्षेत्र में देश को आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक है।

आज मनाई जाएगी देवउठनी एकादशी

अमरपुर। देवउठनी एकादशी ग्यारस पर आज 12 नवंबर को देव जाग जाएंगे तथा घर आंगनों में सजे गन्ने के मंडपों में भगवान की ब्ट विधिविधान से पूजा अर्चना कर मांगलिक कार्य प्रारंभ करने उनका शुभाशीष मांगा जाएगा। हिंदू परंपराओं में देवउठनी एकादशी ग्यारस का विशेष महत्व बताया जाता हैं कि इसी दिन भगवान चार मास के शयन उपरांत जागते हैं और इसी दिन के बाद शादी विवाह जैसी मांगलिक कार्यक्रमों की शुरुआत होती हैं। वर्षा के चार महीने का कार्यकाल विशेष तीज त्यौहारों का समय होता हैं। हिंदू संस्कृति में अधिकतर त्यौहार इसी समय पर होते हैं। आषाढ़ मास से लेकर कार्तिक मास तक का समय चर्तुमास कहलाता हैं। आज गन्ने के मंडप में तुलसी विवाह होगा, जिसके लिए लोगों ने विशेष तैयारी कर रखी हैं, आज के दिन को छोटी दिवाली के रूप में भी मनाया जाता हैं।

समनापुर पुलिस ने 6 साल से फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

डिंडौरी

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी एवं उप पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरी. कामेश कुमार धूमकेती द्वारा न्यायालय श्रीमति रिजवाना कौसर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिण्डौरी के प्रकरण क्रं0 1374ध्16 अप. क्र. 372ध्16 धारा 294,323,341,506(2),509 ताहि. एवं सुश्री मोहसिना खान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डिण्डौरी (म.प्र.) के न्यायालय से जारी स्थायी वारंट प्रकरण क्रमाँक 999ध्17 अप. क्र. 302ध्17 धारा 294,506 ताहि. के मामले की आरोपी 06 साल से फरार था। आरोपी सतीष चैधरी पिता नोहर चैधरी उम्र 28 वर्ष निवासी समनापुर थाना समनापुर निवासी है,जिसकी पता तलाश हेतु दिनाँक 10ध्11ध्2024 को थाना प्रभारी समनापुर निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती के द्वारा मार्गदर्शन में टीम गठित की गई थी। गठित टीम में से कार्या. प्रआर. 175 सहमेन सिंह मरावी , कार्य. प्रआर. 160 देवेन्द्र मरावी , आर. 78 सियाराम मरकाम , आर. 362 आशीष घरडे वारंटी तलाश हेतु थाना ईलाका क्षेत्र रवाना किया गया था,जो थाना ईलाका क्षेत्र में रवाना होकर स्थायी वारंटी सतीष चैधरी के कस्बा समनापुर में आने व छिपे होने की सूचना मिली थी। मुखबिर की सूचना पर बताये हुए स्थान पर घेराबन्दी कर दबिश दिया गया,जो स्थायी वारंटी सतीष चैधरी छिपकर रहने व पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पकडकर पूछताछ कर तस्दीक किया गया। तस्दीक पर अपना नाम सतीष चैधरी पिता नोहर सिंह चैधरी (अहिरवार) उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम समनापुर थाना समनापुर जिला डिण्डौरी (म.प्र.) का होना बताया गया, जिसकी पहचान न्यायालय से जारी स्थायी वारंट के रूप में हुआ। जिसका न्यायालय डिण्डौरी से 02 स्थायी वारंट जारी किया गया था ,जिसे गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार किया जाकर सूचना वारंटी के पिता नोहर सिंह चैधरी को दिया जाकर स्थायी वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया है।

कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक कामेश कुमार धूमकेती थाना प्रभारी थाना समनापुर , कार्य. प्रआर. 175 सहमेन सिंह मरावी , कार्य. प्रआर. 160 देवेन्द्र मरावी , आर. 78 सियाराम मरकाम, आर. 362 आशीष घरडे की विशेष भूमिका रही है ।

क्षेत्रीय संस्कृति का प्रतीक मड़ई

आज शहपुरा नगर में देवउठनी ग्यारस पर लगेगी ऐतिहासिक मड़ई

शहपुरा

मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में लगने वाला एक प्रमुख मेला है। मड़ई मेला डिंडौरी जिले में आयोजित होने वाला प्रमुख मेला है, जो प्रतिवर्ष देवउठनी एकादशी से प्रारंभ होकर एक माह से भी अधिक समय तक गाँव-गाँव में आयोजित किया जाता है। मडई मेला डिंडौरी जिले की आदिवासी संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो लोगों को एकत्रित होने और आंनद लेने का अवसर प्रदान करता है। मेला विभिन्न सांस्कृतिक धार्मिक, और मनोरंजनकारी गतिविधियों को अपने में समाहित करता है। मड़ई जनजातियों का उल्लास पर्व है इसे लघु मेला भी कहा जाता है। मड़ई मेले के आयोजन के लिए कोई विशेष मुहूर्त की आवश्यकता नहीं होती है। इनके आयोजन के लिए तिथियां ग्रामों के अनुसार तिथि निर्धारित होती है, साथ ही विशेष रूप से भी आयोजन किया जाता है।मड़ई प्रमुख उद्देश्य ग्राम्य देवता की आराधना करना है। मड़ई ग्रामीण जनों में फसल आने की प्रसन्नता, सुखद जीवन के संदेश को व्यक्त कर आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन करता है। मान्यतानुसार क्षेत्रीय देवी देवताओं सहित भगवान शिव और माता काली की आराधना के लिए मेला का आयोजन किया जाता है। यह सामाजिक एकता और सौहाद्रता का प्रतीक है, जो एकजुटता के महत्व को प्रदर्शित करता है। मड़ई आयोजन की सूचना पूर्व से ही निकटतम क्षेत्रों में 'रेरी' के माध्यम से दी जाती है। मड़ई बाँधने वाले ग्वाल तथा पुजारी जनजातियों के घर-घर जाकर वाद्ययंत्र बजाते हुए पारंपारिक नृत्य करते है। मड़ई आयोजन के दिन बांस, लकड़ी गंदीला, मोरपंख, सुपाडी, त्रिशूल, लाल रंग की पताका आदि के द्वारा मड़ई का स्वरूप देकर मड़ई बांधा जाता है। जिसको पंडा अपने समूह में साथ रखकर आदिशक्ति की आराधना करते है। मड़ई को लेकर समूह ग्राम की परिक्रमा करते हैं और निश्चित स्थान पर स्थापना करते हैं। मड़ई का दर्शन कर सभी संबंधीजन एक-दूसरे का कुशलक्षेम पूछते हुए, मेले का आनंद उठाते है, इस दौरान आदिवासी नृत्य संगीत समारोह, पारंपरिक खेल और गतिविधियों हस्तशिल्प व स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शन, क्षेत्रीय व्यंजन, आकर्षक झूले लोगों का मनमोह लेते हैं।

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला का हुआ आयोजन

डिंडौरी। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डिंडोरी में आज एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला (च्डछाड) का आयोजन किया गया। उक्त मेले में एक्साइड बैटरी अहमद नगर महाराष्ट्र और फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड पुणे महाराष्ट्र की कंपनियां प्रतिभागियों का चयन करने के लिए शामिल हईं। मेले में कुल 59 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया, जिसमें से कंपनियों द्वारा कुल 43 प्रतिभागी चयनित किए गए। एक्साइड बैटरी अहमद नगर महाराष्ट्र ने 29 एवं फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल प्राइवेट लिमिटेड पुणे महाराष्ट्र ने 14 प्रतिभागियों को चयनित किया। अप्रेन्टिसशिप हेतु भर्ती, अप्रेन्टिसशिप नियमों एवं कंपनियों के शर्तों अनुसार की गई।

देवउठनी एकादशी आज, घर-घर होगा तुलसी-शालिगराम का विवाह

अनूपपुर।

दीपावली के बाद से लगातार त्यौहारों का दौर जारी है। जिला मुख्यालय सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को देव उठनी एकादशी मनाई जाएगी। जिसको लेकर एक दिन पहले से ही लोग गन्ना सहित अन्य फल-फुलों की खरीदी शुरू कर दिया है। एक दिन पहले सोमवार से ही बाजार सहित शहर के सडक किनारे बड़ी संख्या में गन्ने की बिक्री हो रही है। जिला मुख्यालय सहित कोतमा बिजुरी राजनगर रामनगर भालूमाड़ा जमुना बदरा कालरी राजेंद्रग्राम अमरकंटक जैतहरी वेंकटनगर अमरकंटक में आज देवउठनी एकादशी मनाया जायेगा। इसके लिए एक दिन पहले से ही बाजार में बड़ी मात्रा में गन्ना पहुंच गया है, जिसे लोग एक दिन पहले से ही खरीदी शुरू कर दिया है। लोगों कहना है कि हिंदू धर्म में कार्तिक शुक्ल एकादशी को देव जागरण का पर्व माना गया है। इस दिन श्रीहरि भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योगनिद्रा से जाग जाते हैं। इस पावन तिथि को देवउठनी ग्यारस या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। चार महीने से विराम लगे हुए मांगलिक कार्य भी मंगलवार से शुरू हो जाएंगे। साथ ही कार्तिक पंच तीर्थ महास्न्नान भी इसी दिन से शुरू होकर कार्तिक पूर्णिमा तक चलता है।

खबर संक्षेप

प्रोजेक्ट एवं प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

गोटेगांव=स्थानीय नगर के श्री देव मुरलीधर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज गणित विषय के विभिन्न प्रोजेक्ट एवं प्रदर्शनी का आयोजन गणित शिक्षक मोहित चौकसे के दिशा निर्देशों में हुआ। गणित का अध्ययन करने से तार्किक और विवेकपूर्ण सोच विकसित होती है. यह हमें समस्याओं को निष्पक्ष रूप से देखने, साक्ष्य का मूल्यांकन करने, और डेटा और तथ्यों के आधार पर सही निर्णय लेने में मदद करता है गणित प्रदर्शनी का उद्धेश्य, छात्रों में गणितीय प्रतिभा को बढ़ावा देना और उन्हें आकर्षक मॉडल के जरिए खुद को अभिव्यक्त करने का मौका देना। इस अवसर पर बाल शिक्षा समिति अध्यक्ष पंकज जैन कोषाध्यक्ष शिबाजीत ताम्रकार सचिव बी डी सोनी, संस्था प्राचार्य शिव शंकर पाठक उप प्राचार्य संदीप जैन प्रधान पाठक संदीप वर्मा प्राथमिक प्रभारी दीपक कुशवाहा एवं सभी शिक्षक शिक्षाएं उपस्थित रहे।

उप स्वास्थ्य केन्द्र रहता है बंद, इलाज के लिए शहर जाना मजबूरी

गोटेगांव। तहसील के ग्राम कमोद में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी एक बड़ी समस्या है। कमोद पंचायत के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए दूरस्थ गोटेगांव जाना पड़ता है। क्योंकि यहां का उप स्वास्थ्य केंद्र टीकाकरण दिवस के अलावा बंद रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें अपना इलाज कराने के लिए 10 किलोमीटर दूर गोटेगांव जाना पड़ता है, जो कि एक मजबूरी है। उन्होंने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती नहीं है, जिससे वे अपना इलाज नहीं करा पाते हैं।ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से अपील की है कि वे स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती करें, ताकि वे अपना इलाज करा सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण वे परेशान हैं।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को देख रहे हैं और जल्द ही उप स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती करेंगे।

अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव आज

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। संकीर्तन समाज दारा इस वर्ष भी 39 वां वार्षिक सप्त दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन महोत्सव आज 12 नवंबर से आयोजित है। संकीर्तन समाज के अनुसार पंडित शिवशंकर दीक्षित दमोह वालों के पुण्य स्मरण में 12 नवंबर देवउठनी ग्यारस से आयोजन प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में पंडित मदन मोहन दीक्षित बड़े भैया के सानिध्य में नित्य संकीर्तन एवं कथा का श्रवण श्रद्धालु कर सकेंगे। साथ ही प्रतिदिन 19 नवंबर तक दोपहर 2:30 बजे से पंडित नीलमणि दीक्षित दमोह वालों द्वारा रामकथा पर प्रवचन दिए जायेंगे। 19 नवंबर को कार्यक्रम का समापन एवं भंडारा होगा।

लज्जा भंग करने वाले आरोपी को सजा

हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर। गत दिवस न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश डॉ श्रीमती अंजली पारे द्वारा नाबालिग की लज्जा भंग करने के प्रकरण में आरोपी मेहरबान पिता बल्लू अहिरवार आयु 31 वर्ष, निवासी ग्राम छावरगांव, थाना डोंगरगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र. को दोष सिद्ध पाते हुए आरोपी को भादवि की धारा 354, 454 में 1-1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 - 1000 रुपये जुर्माना तथा धारा 7/8 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 03 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 जुर्माना से दंडित किया गया।

करेली पुलिस की कार्रवाई

मढ़ई में हत्या के पांच आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीत दिवस थाना क्षेत्र करेली में 28 वर्षीय युवक को चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद से क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। युवक को उपचार हेतु स्वास्थ्य केन्द्र करेली ले जाया गया था जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था पुलिस ने सूचना पर अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित कर जांच पड़ताल प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा पे्रसवार्ता कर मामले का खुलासा किया गया। मामले मे बताया गया कि मढ़ई मे किसी बात को लेकर विवाद हुआ था जिसे लेकर हत्या की गई।

मढ़ई मे हुआ था विवाद

उक्त मामले मे पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि घटना के पूर्व मृतक एवं आरोपियों के बीच पथरोली मोहल्ला की मढ़ई मेला में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। घटना की जानकारी गलते ही पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी गई और सफलता हासिल की। थाना करेली अंतर्गत 28 वर्षीय नवयुवक की हत्या का पर्दाफाश कर 5 आरोपियों को लिया गया पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पथरोली मोहल्ला की मढ़ई मेला में हुए विवाद को लेकर हत्या की गई थी। अभिषेक काछी निवासी पथरौली मोहल्ला ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि आकाश रघुवंशी को पांच लोगों ने मारपीट तथा चाकू से वार कर घायल कर दिया । घटना नई तहसील के सामने की बताई गई। घटना में आई चोटों से आकाश रघुवंशी को चोंट लगी तथा खून निकलने लगा आकाश रघुवंशी जमीन पर गिर गया था एवं शासकीय अस्पताल करेली में आकाश की मृत्यु हो गयी थी कि रिपोर्ट पर थाना करेली में अपराध क्र. 1014/24 धारा 103 (1), 3 (5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

मैहर से गिरफ्तार किये गये पांचों आरोपी

घटना की गंभीरता के दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हत्या के आरोपीगण को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु टीम बनाई गई अधिकारियों के निर्देशन में थाना करेली पुलिस ने विशेष पुलिस टीमें बनाकर भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलन तथा संभावित स्थानों में दबिश देकर संदेही व्यक्तियों से पूछताछ कर तलाश पतारसी की गयी। थाना करेली पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपीगण हत्या करने उपरांत मैहर तरफ भागने की फिराक में है तत्काल पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के निर्देशन में टीम गठित कर मैहर तरफ रवाना किया गया जो मैहर जिले में आरोपीगण लुकते छिपते मंदिर तरफ जाते मिले जिसे गठित टीम द्वारा तत्काल स्थानीय मैहर कोतवाली पुलिस स्टाफ के सहयोग से पकडा गया एवं पूछताछ की गयी एवं अभिरक्षा में लेकर थाना करेली जिला नरसिंहपुर लेकर आये एवं आरोपी मनीष जाटव, दिलीप जाटव, अभिषेक जाटव, दीपक उर्फ टीपलू ठाकुर, नीरज वंशकार से घटना के संबंध में पूछताछ की गयी जिन्होने मढई मेले में उपजे विवाद को लेकर आकाश रघुवंशी की हत्या करना स्वीकार किये एवं हत्या कर भागकर मैहर जाना बताये। पुलिस आरोपियों के पास से घटना मे उपयोग की गई सामग्री जब्त कर हिरासत लिया गया।

इनकी रही भूमिका

आरोपी गणों की गिरफ्तारी में एस.डी.ओ.पी. नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी करेली उपनिरीक्षक संग्राम सिंह, उपनिरीक्षक रामरतन सोनी, सउनि शिशुपाल चैधरी, प्रधान आरक्षक शिवकुमार नौरिया, प्रधान आरक्षक महेन्द्र बसेडिया, प्रधान आरक्षक अशोक तिवारी, वरिष्ठ आरक्षक यमन बागरी, आरक्षक सुदीप बागरी, आरक्षक अभिषेक पटेल, आरक्षक विपिन पटेल, आरक्षक सचिन पटेल, आरक्षक देवेन्द्र ठाकुर, थाना कोतवाली से निरीक्षक गौरव चाटे एवं स्टाफ, सायबर सेल नरसिंहपुर से महिला आरक्षक कुमुद पाठक की सराहनीय भूमिका रही।

काव्या का प्रदेश क्रिकेट टीम चयन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नगर की होनहार बेटी ने जिले का गौरव बढ़ाया। नगर निवासी पिता मनोज व मां नीलम पटेल जाट की पुत्री काव्या पटेल जाट ने मप्र अंडर 15 क्रिकेट टीम में स्थान बनाया है। जो राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ चार अभ्यास मैच खेलेंगीं। उसके बाद बीसीसीआइ की ओर से पुणे में 21 से 29 नवंबर तक आयोजित होने वाले नेशनल लीग राउंड टूनामेंट में मप्र की ओर से खेलेंगी। नरसिंहपुर निवासी क्रिकेट खिलाड़ी काव्या आल राउंडर हैं जिन्होंने लगातार मेहनत और अभ्यास से अपने खेल कौशल को निखारा है और अपनी प्रतिभा से विशेषज्ञों का ध्यान खींचा हैं। मप्र टीम में शामिल होने के पूर्व वह जिला व राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुकीं हैं। काव्या वर्तमान में क्रिक किंगडम क्रिकेट अकादमी भोपाल में प्रशिक्षण ले रहीं हैं। वह करीब 6 वर्ष से क्रिकेट खेल रहीं हैं।

वस्त्रों व खाद्य पदार्थों का वितरण कर मनाया आंवला नवमी पर्व

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। विगत दिवस राज्य आनंद संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार नरसिंह आनंद क्लब द्वारा हर घर दिवाली, घर-घर दिवाली के तहत आंवला नवमी पर्व पर जरूरतमंद लोगों के लिए क्लब के सदस्यों द्वारा वस्त्रों एवं खाद्य पदार्थों सहित अन्य वस्तुओं का वितरण चलित आनंदम केंद्र के माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम एकात्त वन में आंवला नवमी पर सभी आनंदको द्वारा आंवला के पौधे को रोपित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले की मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय ने पेड़ो के महत्व को समझते हुए बताया कि जिस प्रकार हमारे जीवन में परिवार का महत्व है उसी प्रकार पेड़ पौधे भी हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे है। इसलिए परिवार की तरह हमें भी पेड़ पौधों के महत्व को समझते हुए उनकी देखभाल और अपने जन्म दिवस जैसे खास अवसरों पर एक पौधा जरूर लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए। पौधा रोपड़ के पश्चात मुशरान मुहल्ला एवं रेलवे स्टेशन परिसर के आस-पास में वस्त्रों और खाद्य पदार्थो का वितरण किया गया। वितरण के दौरान सभी आनंदकों द्वारा राज्य आनंद संस्थान की गतिविधियों से लोगों को परिचित कराया गया। कार्यक्रम में लोगों से बात करते हुए आनंदक अनामिका चौकसे, राजेश्वरी नेमा एवं आरती चौकसे ने बताया कि शून्य बजट पर मदद एवं बचत आनंदम (दुआओं का घर) आनंद विभाग मध्य प्रदेश शासन अंतर्गत लोगों के सहयोग से समाज में दया, प्रेम, सहानुभूति, मदद, सहिष्णुता, आभार की भावनाओं को प्रसारित करने वाला संस्थान है। आनंदक धर्मेंद्र चंदेल ने बताया कि राज्य आनंद संस्थान द्वारा लोगों के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने साथ ही स्वयं आनंद में रहते हुए दूसरो को भी आनंदित करने, खुशियां बांटने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर मुक्ति राय, यमुना विश्वकर्मा, आनंदकों में अनामिका चौक से, दुर्गा चौकसे, कविता रारोलिया, आरती चौकसे, राजेश्वरी नेमा, समीक्षा राय, अनुष्का चौकसे, धर्मेंद्र कुमार चंदेल, सत्यम नेमा, शशिकांत मिश्र, मनीष विश्वकर्मा, अमित नामदेव, शिवम नाथ, अमन राजपूत की उपस्थिति रही।

पति ने पत्नि पर कुल्हाड़ी से किया हमला कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बीत रात थाना क्षेत्र स्टेशनगंज की सिंहपुर चैकी अंतर्गत आने वाले ग्राम जैतपुर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को कुल्हाड़ी मारकर घायल कर दिया। घटना की सूचना पर डायल 100 पहुंची। जिसके बाद घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पुलिस ने पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, सोबरन ठाकुर निवासी ग्राम जैतपुर ने 11 नवंबर की रात करीब डेढ बजे डायल 100 सूचना दी। उन्होंने कहा गांव के ही कालूराम यादव ने किसी विवाद के बाद अपनी पत्नी वर्षा उर्फ जिज्जन यादव के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किया है। घटना के तत्काल बाद डायल 100 की टीम में शामिल आरक्षक हिमांशु वर्मा और पायलट मुकेश गिरी गोस्वामी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। घायल वर्षा की स्थिति गंभीर थी। इस वजह से उन्हें तत्काल जिला अस्पताल नरसिंहपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों की ओर से उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बनी हुई है। सिंहपुर चौकी प्रभारी पन्नालाल पाल ने बताया कि महिला का पति एक्सीडेंट होने से मानसिक रूप से विक्षिप्त है। महिला के द्वारा काम करने के लिए कहा गया तो उसने आक्रोश में आकर हमला कर दिया। मामले की सूचना डायल 100 पर दी गई थीं। जिसके बाद हमने अस्पताल पहुंचकर महिला के बयान लिए और उसके पति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

चोरों के हौसले बुलंद: शासकीय स्कूल से पांचवीं बार चोरी

आज तक पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं चोर

तेंदूखेड़ा- देवरी (राजमार्ग) में संचालित पं उमाशंकर शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विगत दिनों पुनः धावा बोलकर पिछली बार शेष छोड़कर गये सात कम्प्यूटर एक प्रिंटर एल सी डी यहां तक कि सी सी टीवी कैमरे और डीबीआर तक चोरी करके ले गये। चूंकि शनिवार को छुट्टी होने के बाद जब सोमवार को स्कूल समय पर स्कूल खुला तब ताले टूटने और सामग्री गोल होने का पता चला स्कूल प्रबंधन ने तत्काल घटना की जानकारी सुआतला पुलिस को दी गई है। एक बार फिर पुलिस चोरों के सामने बोनी साबित होती हुई कारवाई के नाम पर अपने आप अक्षम साबित हो रही है। और चोरों के होंसले बुलंदी पाते चले जा रहे हैं।इन चोरियों को लेकर जहां क्षेत्र में असुरक्षा की भावना उपजने लगी है वहीं तरह-तरह की चर्चायें हों रहीं हैं।गौरतलब रहे कि इस स्कूल में पिछले चार बार से चोरी के प्रयास किए गए जा रहे हैं। जिसमें 24 मई को हुई चोरी में 65 इंची स्मार्ट टीवी 02सीपीयू 01इन्वेटर बेटरी 02 प्रिंटर ले जाने में चोर सफल हो गए थे और इन चोरों की तस्वीरें सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हो गई। लेकिन इनके चेहरों पर कपड़ा बंधा होने के कारण स्पष्ट समझ नहीं पा रहे हैं।जिसकी प्राथमिकी सुआतला पुलिस थाने में दर्ज भी कराई गई थी। चोरों ने दूसरी और तीसरी बार पुनः प्रयास किए ताले तोड़ पाए इसके बाद चैथी बार भी प्रयास में सी सी टी वी कैमरे ही निकालकर ले गये। अब फिर पांचवीं बार चोरों ने बड़ा धावा बोला है।लेकिन अभी तक उक्त चोर पकड में नहीं आ पा रहे हैं। चूंकि विद्यालय में चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने के साथ साथ समीप में स्थित प्राचीन पांडाझिर हनुमान मंदिर में में चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम देते हुए यहां से दान पेटी उठाकर ले गए थे और दान राशि निकालकर

दान पेटी को खेत में ही छोड़कर भाग निकले थे। इन चोरियों के अभी तक चोरों का कोई सुराग ना मिल पाने के कारण क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त है।

विद्यालय में अध्ययन करते हैं 350 छात्र

इस विद्यालय में आस पास ग्रामीण क्षेत्रों के मिलाकर कक्षा नवमी से बारहवीं तक कुल 350 छात्र छात्राएं अध्ययन किया करते हैं। यहां सात कक्षों में 08 रेग्युलर शिक्षक है शेष अतिथि शिक्षकों के द्वारा अध्यापन कराया जाता है। चूंकि विद्यालय में चपरासी की व्यवस्था नहीं है। विद्यालय गांव के बाहर होने की स्थिति में यहां पर एक चौकीदार की व्यवस्था बहुत ही जरूरी है। फिलहाल संस्था प्रधान शाला विकास समीति के मद से दो लोगों को रखकर काम चला रहे हैं। इस विद्यालय को एकीकृत विद्यालय का स्वरूप प्रदान किया गया है लेकिन यहां से काफी दूरी पर मिडिल और प्राथमिक शाला लगा करती है जिसका भवन भी काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है।

इनका कहना है

विद्यालय में पांच बार चोरी के प्रयास हुए जिसमें तीन बार यहां से बड़ी संख्या में विद्यालय की आवश्यक सामग्री चोरी हुई है। जिसकी रिपोर्ट सुआतला पुलिस थाने में दर्ज कराई गई है। अबकी बार तो चोर सीसीटीवी कैमरे और डीबीआर तक चोर चुरा कर ले गए हैं। लेकिन अभी तक कोई उचित ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है।

श्रीमती माधुरी सोनी
प्रभारी प्राचार्य

प्रभात फेरी निकालते हो गये 25 साल

आज तुलसी विवाह के साथ होंगे विविध आयोजन

तेंदूखेड़ा। समीपी ग्राम इमझिरा में लगातार 25 वर्षों से श्री राम जानकी प्रभात फेरी मंडल द्वारा ग्राम के मुख्य मार्गों से प्रतिदिन रामधुन निकालते चले आ रहे हैं। इस वर्ष अपनी 25वी सालगिरह बड़े धूमधाम से मनाई जायेगी । ग्राम के सभी धार्मिक स्थलों प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई बड़े जोर शोर से चल रही है। वहीं आज एकादशी देव उठनी एकादशी पर राधा कृष्ण मंदिर पर तुलसी विवाह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति अध्यक्ष शिवनारायण श्रीवास्तव ने बताया कि आंवला नवमी पर तुलसी जी का लग्न उत्सव कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। वहीं देवउठनी ग्यारस पर प्रसिद्ध देवी कंकाली मठ मंदिर से भगवान शालिग्राम की बारात बड़े धूमधाम से निकाली जाएगी जो ग्राम में भ्रमण करती हुई राधा कृष्ण मंदिर पर पहुंचेगी जहां पर राधा कृष्ण मंदिर समिति द्वारा बरात की भव्य अगवानी की जाएगी। ग्राम पुरोहित रूपराम पुरोहित द्वारा शुभ मुहूर्त में भगवान का वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा विधि विधान से विवाह संपन्न भी कराया जाएगा। इस आयोजन में ग्राम वासियों के सहयोग से तुलसी विवाह संपन्न होगा।

पूर्व राज्य मंत्री ने विद्यार्थियों को वितरित की साइकिल

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस स्थानीय शासकीय नेहरू विद्यालय में अध्ययनरत विधार्थियों को साईकिल वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साईकिल मिलने से विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। उक्त कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल सहित अन्य सामाजिक लोग शामिल हुए जिन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा तक पहुंच को सुगम बनाना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय की छात्रा ने उत्साहित होकर कहा, मैं पहले पैदल चलकर स्कूल जाती थी, जिससे काफी समय और ऊर्जा खर्च हो जाती थी अब साइकिल मिलने से मैं समय पर स्कूल पहुँच सकूंगी और अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान दे पाऊंगी। इसी तरह, अन्य छात्रों ने भी अपनी खुशी और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह साइकिल उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाने वाली है उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, अभिभावक, और स्थानीय शिक्षक भी उपस्थित रहे सभी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा यह कदम विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

प्रतीक्षालय ना होने से यहां वहां खड़े होते हैं यात्री, होती है परेशानी

गोटेगांव। नगर के स्थानीय फुहारा चौक से यात्रियों को अनेक गांव जाने वाले वाहन मिलते हैं वहीं पर फुहारा चौक से परमहंसी बगासपुर व विभिन्न इलाके में जाने वाली बसें संचालित होती हैं। गोटेगांव में फुहारा चौक पर जहां से बसों का संचालन होता है। वहां पर बस से यात्रा करने वाले यात्रियों को खडे. होने के लिए कोई जगह नहीं मिलती है। जो पुराना प्रतीक्षालय था उसको रोड निर्माण के समय लोक निर्माण विभाग ने हटवा दिया था। इसके बाद यहां पर शासन द्वारा बस यात्रियों की सुविधा के लिए किसी प्रकार का कोई प्रतीक्षालय नहीं बनाया गया है।उक्त स्थल के आसपास कतिपय लोगों ने कब्जा कर लिया हैं। जो हाथ ठेले यहां रखे हैं उनमें अधिकांश खुलते नहीं हैं, इस फुहारा चौक पर चारो ओर अतिक्रमण फैला हुआ है। जिसके कारण यहां की चौड़ी सड़क दिन के समय अत्यंत संकरी हो जाती है और दिन में आने जाने वालों को अत्यंत परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं परमहंसी गंगा आश्रम का रास्ता दिशा सूचक बोर्ड नजर नहीं आने से लोग भटकते रहते हैं। फुहारा चौक नगर का प्रमुख चौक है जिसके आस-पास प्रमुख शासकीय कार्यालय स्थित होने के बावजूद इस चौराहे का क्रियाकलाप ना होना जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है।